तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 15 सितंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 मनेन्द्रगढ़ में उद्योग- व्यापार के विकास के लिए हर संभव मदद देंगे: देवांगन



## खबर संक्षेप

### सर्वेश्वरी समूह का 65 वां स्थापना दिवस 21 को

**बैकुण्ठपुर।** सर्वेश्वरी समूह का 65 वां स्थापना दिवस 21 सितंबर को उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार समूह के स्थानीय शाखा तलवापारा बैकुंठपुर में भी विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्थापना दिवस के दिन प्रातः 8 बजे नगर भ्रमण समूह के पदाधिकरियों एवं सदस्यों के द्वारा किया जाएगा। इसकी शुरूआत शहर के गढ़ेलपारा स्थित मां सर्वेश्वरी शिशु मंदिर से वाहन से नगर भ्रमण शुरू होगा जो कुमार चौक, पैलेस मार्ग, महलपारा, डबरीपारा, स्कूलपारा, ओड़गी नाका होते सर्वेश्वरी समूह आश्रम तलवापारा बैकुंठपुर में जाकर समाप्त होगी। इसके पश्चात 9 बजे आश्रम प्रांगण में ध्वजारोहण, पूजन सफल योनि का पाठ एवं आरती की जाएगी, इसके बाद 10 से 11 बजे तक गोष्ठी एवं 11 से दोपहर 2 बजे तक कीर्तन-भजन के साथ भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### घर में बैठा था जिलाबदर का आरोपी, गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** जिला बदर की कार्रवाई के बाद भी शहर में घूम रहे आदतन बदमाश को पुलिस ने



गिरफ्तार कर लिया है। एक साल के लिए जिले से बाहर किया गया आरोपी अपने घर में बैठा था और खुले आम घूम रहा था। मणिपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सांडबार निवासी 44 वर्षीय इन्दर सोनवानी आ. राम प्रसाद सोनवानी को कलेक्टर सरगुजा व जिला दंडाधिकारी ने 20 फरवरी 2025 से एक साल के जिला बदर किया था। इस दौरान 12 सितम्बर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की निगरानी बदमाश और जिला बदर इन्दर सोनवानी अपने घर सांडबार हरिजन पारा में मौजूद है। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर इन्दर सोनवानी को हिरासत में लिया। जिला बदर के आदेश की अवहेलना करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 170/126,135(3) तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर अश्वनी सिंह, सउनि अनिल पाण्डेय, आरक्षक सत्येंद्र दुबे, उमाशंकर साहू, अनिल सिंह, पवन यादव सक्रिय रहे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आकर किसान मौत

**सीतापुर।** खेत मे काम कर रहे किसान को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना के बाद किसान का शव लगभग 12 घंटे तक खेत मे पड़ा रहा। ग्रामीण के घर नहीं लौटने पर खोजबीन में निकलने परिजन ने 2 बजे रात को खेत में शव देखा। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम चिड़ापारा भेलतराई निवासी 40 वर्षीय तुलसी तिर्की आ. धरम तिर्की शुक्रवार को दोपहर 2 बजे करीब अपने खेत मे काम करने की बात कह घर से निकला था। रात 10 बजे तक किसान जब घर नही पहुंचा तो परिजन को उसकी चिंता होने लगी। परिजन व ग्रामीणों ने तुलसी तिर्की के जान पहचान वालों के घर खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इस बीच शंका के आधार पर रात लगभग 1 बजे जब परिजन खेत पहुंचे तो किसान मृत अवस्था में पड़ा मिला। मृतक का शरीर झुलसा हुआ था ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि शाम के समय गरज चमक के साथ हुई बारिश के दौरान तुलसी तिर्की गाज की चपेट में आ गया होगा जिससे उसकी मौत हो गई। मौत के बाद उसका शव खेत में ही पड़ा रहा। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद शनिवार की सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### हरिभूमि की खबर का असर, सर्जरी के मरीज हो रहे थे परेशान

# जिला अस्पताल में जनरल सर्जन की पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के सबसे बडेÞ जिला अस्पताल में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के बीच राज्य शासन ने पांच विशेषज्ञ चिकित्सकों के संविदा नियुक्ति देकर पदस्थापना आदेश जारी किए, इसके साथ ही अब काफी हद तक जिला अस्पताल में महत्वपूर्ण विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना से निश्चित रूप से जिलेभर के मरीजों को इसका लाभ मिलेगा।

वहीं जिला अस्पताल बैकुठपुर में सर्जन चिकित्सक सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी की खबर को हरिभूमि ने बीते माह 29 अगस्त के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था, इस मामले पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने भी संज्ञान लिया था। इसके दो सप्ताह बाद राज्य शासन ने पांच विशेषज्ञ चिकित्सकों के नियुक्ति आदेश जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में पदस्थ करने के आदेश जारी किए। इनमें पैथालॉजी, एनेस्थेसियोलॉजी, रेडियोडायग्नोसिस, सर्जिकल तथा मेडिसीन जारी आदेश के अनुसार राज्य शासन द्वारा चिकित्सा एमडी, एमडी, डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेशित मेडिकल छात्र जो वर्ष 2025 के विवि परीक्षा में सम्मिलित हुए उन्हें दो वर्ष का संविदा का



सर्जरी के मरीज परेशान, दूर-दराज से पहुंचते हैं जरुरतमंद

जिला अस्पताल में एक भी जनरल सर्जन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के सबसे बड़े जिला अस्पताल बैकुंठपुर में हर दिन सैकड़ों मरीज पहुंचते हैं।

वर्तमान में जिला अस्पताल बैकुंठपुर में एक भी जनरल सर्जन की नियुक्ति नहीं होना मरीजों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रहा है। छोटी-बड़ी सर्जरी कराने के लिए आने वाले मरीजों को निराश होकर वापस लौटना पड़ता है या फिर मजबूरन उन्हें अंबिकापुर, बिलासपुर या प्राइवेट अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। ग्रामीण अंचल से आने वाले गरीब और जरूरतमंद मरीजों को इस स्थिति में सबसे अधिक कठिनाई का सामना करना

ओपीडी पंजीयन में रहती है भीड़

ओपीडी पंजीयन के लिए सीमित काउंटर होने से मरीजों को लंबे कतार में खड़े रहना पड़ता है, हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने ऑनलाइन पर्ची प्रणाली की शुरूआत कर दी है, लेकिन दूर-दराज से आने वाले ग्रामीण मरीज इस प्रक्रिया से अनभिज्ञ रहते हैं। ऐसे में उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ता है। पर्ची मिलने के बाद भी डॉक्टर से मिलने के लिए ओपीडी में काफी भीड़ का सामना करना पड़ता है। किसी तरह इलाज के बाद दवा वितरण केन्द्र में भी स्थिति कुछ

सर्जन नहीं, गंभीर मरीज हो रहे रेफर

जिला अस्पताल बैकुंठपुर में फिलहाल एक भी जनरल सर्जन चिकित्सक नहीं है, जिसके कारण ऑपरेशन या सर्जरी से जुड़ी बीमारियों का इलाज नहीं हो पा रहा। गंभीर हालत में पहुंचे मरीजों को मजबूरन रायपुर, बिलासपुर या अंबिकापुर के अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। कई मरीजों का सर्जन की अनुपलब्धता के कारण उनका इलाज समय पर नहीं हो पा रहा है।

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

अवसर प्रदान करते हुए आगामी आदेश तक जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में पदस्थ करने का आदेश जारी किया है। इनमें डॉ.प्रियंका ग्रीही एमडी पैथालॉजी, डॉ. नीतीश कुमार बुडेक एमडी एनेस्थेसियोलॉजी, डॉ.मनोज मंडल एमडी रेडियोडायग्नोसिस, डॉ.दीपक पावले एमएस सर्जिकल सर्जरी तथा डॉ. बलविंदर सिंह गुम्बर एमडी मेडिसीन शामिल हैं। एक साथ पांच महत्वपूर्ण विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति होने से निश्चित रूप से आदिवासी बाहुल्य कोरिया जिले के मरीजों को जिला अस्पताल में अब पहले से अधिक सुविधा मिल सकेगी। उल्लेखनीय है कि जिला चिकित्सालय में लंबे समय से सर्जन चिकित्सक नहीं होने से मेजर आपरेशन नहीं हो रहे थे। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एवं अन्य मरीजों को जिन्हें सर्जरी की आवश्यकता होती थी, उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय से रिफर कर दिया जाता था, इसके चलते मरीज एवं उनके परिजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, खासकर गांवों के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को खासा परेशान होना पड़ता था।

#### पहली बार रेडियोलाजिस्ट होंगे पदस्थ

जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में पहली बार रेडियोडायग्नोसिस के विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति आदेश जारी किए हैं, इसके पूर्व जिला चिकित्सालय में उक्त विशेषज्ञ की नियुक्ति कभी नहीं हुई थी, जबकि जिला चिकित्सालय में उक्त विशेषज्ञ की नितांत आवश्यकता होती है, लेकिन इस विशेषज्ञ के बिना ही अब तक किसी तरह काम चलाया जा रहा था।

#### लंबे समय से खाली था पैथोलॉजिस्ट का पद

जिला चिकित्सालय में लंबे समय से पैथोलॉजिस्ट का पद खाली पड़ा था। पूर्व में डॉ. डीके चिकनजूरी जिला चिकित्सालय में पैथोलॉजिस्ट के रूप के रूप में लंबे समय तक पदस्थ रहे, लेकिन उनके निधन के बाद काफी समय से जिला चिकित्सालय में पैथोलॉजिस्ट का पद खाली पड़ा था, जबकि यह पद भी काफी महत्वपूर्ण होता है, इनके बिना ही जिला चिकित्सालय में जांच रिपोर्ट मरीजों को दी जाती थी, जबकि विभिन्न जांच रिपोर्ट में एमडी पैथोलॉजी के हस्ताक्षर से सर्टिफिकेशन अनिवार्य होता है।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/ सोनहत

रविवार को कोरिया जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र से लगे सूरजपुर जिले के ओड़गी क्षेत्र में आकाशीय बिजली कहर बनकर आसमान से गिरी।

**पालकेवरा गांव की घटना**

**कई आए चपेट, सभी की हालत खतरे से बाहर**

इस घटना में एक युवक की मौत एवं कई अन्य लोगों के घायल होने की खबर है। सभी घायलों को सोनहत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जनपद सोनहत क्षेत्र से सटे सूरजपुर जिले के ओड़गी ब्लाक अंतर्गत ग्राम पालकेवरा निवासी मृतक युवक विजय पिता झगर साय उम्र 18 वर्ष रविवार को दोपहर के समय अपने घर के पास बाड़ी में काम कर रहा था, इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरी और वह उसके चपेट में आ गया। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार इसी क्षेत्र में आकाशीय बिजली इस दिन गिरने से कई अन्य ग्रामीण चपेट में आए, हालाकि सभी का उपचार प्राथमिक स्तर पर करने के बाद स्थिति सामान्य बताई जा रही है। वहीं इस घटना में क्षेत्र के एक सचिव का बाइक भी गाज के चपेट में आने से हल्का क्षतिग्रस्त हो गया। कुछ अन्य झुलसे लोगों को कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कर उपचार किया जा रह है।

## 13 वर्षीय बच्ची पर भालू ने किया हमला

**अनूपपुर।** क्षेत्र के डोला नगर में आजकल भालुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। भालुओं के लगातार बस्ती में घुसने और लोगों पर हमला करने से लोगों में डर बैठ गया है। ऐसा ही एक मामला रविवार की सुबह सामने आया, जब एक भालू ने 13 वर्ष की बच्ची पर हमला कर दिया।



यह घटना वार्ड नंबर 4 में सुबह करीब 4:45 बजे हुई, जब एक भालू ने 13 वर्ष की रागनी राजभर पर हमला कर दिया। हमले में बच्ची बुरी तरह से घायल हो गई। आनन-फानन में उसे मनेन्द्रगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां उसके घावों पर सात टांके लगाए गए। बच्ची का इलाज अभी भी चल रहा है और उसका परिवार इस घटना से सदमे में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भालू अक्सर बस्तियों में घुस आते हैं, घरों को नुकसान पहुंचाते हैं और लोगों पर हमला करते हैं। शाम होते ही लोग घरों से बाहर निकलने से डरने लगे हैं। निवासियों का कहना है कि हम रोज डर के साए में जी रहे हैं न तो हम अपने बच्चों को सुरक्षित महसूस कर सकते हैं और न ही खुद चैन से सो पाते हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार वन विभाग और जिला प्रशासन को इस समस्या के बारे में बताया है और पत्रकारों ने भी इस पर खबरें लिखी हैं, इसके बावजूद वन विभाग ने अब तक सिर्फ आश्वासन ही दिया है। लोगों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही से डोला में स्थिति और भी खराब होती जा रही है। वार्ड नंबर-4 की पार्षद प्रियंका सिंह ने वन विभाग को चिट्ठी लिखकर जल्द से जल्द भालुओं को पकड़कर सुरक्षित जगह छोड़ने की गुहार लगाई है। लोग पूछ रहे हैं कि यह सीमा विवाद कब खत्म होगा और प्रशासन कब इन भालुओं को पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करेगा। इस बारे में अनूपपुर के वन मंडल अधिकारी, विपिन कुमार पटेल ने कहा कि क्षेत्र में भालुओं की संख्या ज्यादा है, जिससे उन्हें पकड़ने में दिक्कत आ रही है। फिर भी एक रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी और जल्द ही इसका समाधान निकाला जाएगा।


## एसईसीएल कर्मचारी के क्वार्टर से लाखों की चोरी

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा क्षेत्र के विवेकानंद कॉलोनी स्थित क्वार्टर नंबर 1413 में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम देते हुए लाखों रूपए के गहने और नकदी पार कर दी। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार एसईसीएल में इलेक्ट्रिकल हेल्पर पद पर कार्यरत कुमार गौरव सिंह नाइट शिफ्ट पर ड्यूटी करने गए थे। इसी दौरान देर रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर अलमारी से गहने और नगद रकम चोरी कर ली। शनिवार सुबह ड्यूटी से लौटे गौरव सिंह ने घर का ताला टूटा देख तत्काल पुलिस को सूचना दी।



सीसीटीवी मे कैद हुआ संदिग्ध।



खुली आलमारी।

**चोरी गया सामान**

करीब 8 हजार रूपए नकद, दो सोने की ईयरिंग, एक सोने की अंगूठी, तीन सोने के मंगलसूत्र, दो बच्चों के सोने के लॉकेट, चार चांदी की पायल, दो बच्चों के कड़े, एक कमरबंद, एक चांदी का मेहंदी छल्ला, एक चांदी का चाभी छल्ला साथ ही अन्य कीमती सामान भी चोरी हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अपर्याप्त पुलिस गश्त, सीसीटीवी कैमरों की कमी और चौकसी में ढिलाई को इसकी बड़ी वजह ⏭ शेष पेज 4 पर

## नए शैक्षणिक सत्र से नवीन भवन में संचालित होगा नर्सिंग कॉलेज



प्रस्तावित कॉलेज भवन।

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में न्यू लाइफ हेल्थ एण्ड एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 से अपने नवीन भवन में संचालित किया जाएगा, जिसकी तैयारी पूर्ण होने जा रही है।

यही कारण है कि सरगुजा संभाग में अपने शिक्षा दीक्षा के कारण अपनी अलग पहचान रखने वाले संस्थान न्यू लाईफ नर्सिंग पर संभाग सहित उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखण्ड और मध्यप्रदेश से भी छात्र अध्ययन, अध्यापन और प्रशिक्षण के लिए आते हैं। न्यू लाइफ संस्थान के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि बैकुंठपुर में 2015 से न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग संचालन प्रारंभ किया गया था। संस्था ने बताया कि इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली के नियमानुसार नर्सिंग कॉलेज के लिए स्वयं का भवन ⏭ शेष पेज 4 पर

## यूरिया की धड़ल्ले से कालाबाजारी कृषि विभाग ने की दुकान सील

**अम्बिकापुर।** जिले में व्यवसायी यूरिया की खुलेआम कालाबाजारी कर रहे है। आलम यह है कि संचालक नियमों को ताक में रखकर मोटी कमाई के लिए दो से तीन गुने कीमत पर यूरिया बेच रहे है। इस बात का खुलासा होने के बाद कृषि विभाग ने पहली बार जिले में कार्रवाई करते हुए एक दुकान के लाइसेंस को निलंबित कर दिया है इसके साथ ही गोदाम को सील कर यूरिया को जब्त किया गया है। बता दें कि खरीफ सीजन में यूरिया की किल्लत जारी है। समितियों में समय पर यूरिया की सप्लाई नहीं की जा सकी जबकि निजी दुकानों में नियमित रूप से यूरिया की सप्लाई होती रही और इसी का फायदा उठाकर दुकान संचालक किसानों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए 266 रुपए का यूरिया तीन से चार गुना अधिक कीमतों पर बिक्री की गई। जिले में शासन के निर्देश पर संयुक्त संचालक कृषि सरगुजा संभाग यशवंत केराम, कलेक्टर एवं उपसंचालक कृषि अंबिकापुर पिताम्बर सिंह दीवान के मार्गदर्शन में जिले के निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों से 40 बोरी से अधिक यूरिया लेने वाले कृषकों का सत्यापन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जांच के दौरान सुमित अग्रवाल के विजय ट्रेडिंग कम्पनी की जांच की गई। उर्वरक निरीक्षक सोहन लाल भगत एवं अन्य निरीक्षकों द्वारा टॉप 20 खरीदारों के सत्यापन में यह स्पष्ट हुआ कि अम्बिकापुर स्थित मेसर्स विजय ट्रेडिंग कम्पनी द्वारा प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। कृषकों के बयान एवं निरीक्षकों की अनुशंसा के आधार पर उपसंचालक कृषि एवं अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) पिताम्बर सिंह दीवान ने कम्पनी की खुदरा उर्वरक विक्रय 31 मार्च 2027 को आगामी आदेश तक निलंबित कर दिया। लाइसेंस निलंबन के बाद कृषि विभाग की टीम ने कम्पनी के संचालक सुमित अग्रवाल की मौजूदगी में दुकान एवं गोदाम को सील कर दिया गया।

## संतान के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अपनी संतान की सलामती एवं सुख-समृद्धि के लिए जितिया यानी जीवित्या पुत्रिका का व्रत माताओं के द्वारा रविवार को सुबह नदी तालाबों में स्नान कर निर्जला व्रत रख कर अपनी संतान की सलामती की मनोकामना मांगी। वहीं शाम ढलने के बाद विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कथा सुनी।

- **रात्रि में की विधि-विधान से पूजा-अर्चना**

कई महिलाओं के द्वारा इस पर्व को समूह में करती है तथा कोई अकेले ही घर पर विधि-विधान के साथ विभिन्न पूजन सामग्री के साथ पूजा-अर्चना किए। सोमवार को व्रत का पारण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 14 सितंबर शनिवार को नहाय खाय के साथ जितिया व्रत की शुरूआत होती है। माताएं सुबह के समय नदी तालाबों में स्नान कर सात्विक भोजन करती है और अगले दिन खुर जितिया के दिन महिलाएं निर्जला उपवास रखती है और शाम के समय विधि-विधान के साथ जीमूतवाहन की पूजा करती है और व्रत की कथा सुनती है। इस पर्व को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह रहता है। यह पर्व मां और बेटे के बीच अटूट बंधन का पर्व होता है,जो यह याद दिलाता है कि दुनियां में सबसे सच्चा और निःस्वार्थ प्रेम अगर कही हैं तो एक मां के दिल में है।



घाट पर पूजा-अर्चना करने पहुंची महिलाएं।

### नौ दिनों तक बहेगी भक्ति की बयार

# नवरात्रि की शुरुआत 22 से, पंडाल हो रहे तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर


शारदीय नवरात्र की शुरूआत पितृपक्ष समाप्त होने के दूसरे दिन से हो रही है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष आगामी 22 सितंबर से शारदीय नवरात्र की शुरूआत हो रही है, इसके लिए एक सप्ताह का समय ही शेष बचा हुआ है। सीमित समय को देखते हुए विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है, वहीं शक्ति की देवी के भव्य पंडाल बनाने की शुरूआत भी शुरू हो गई है।

माता दुर्गा के प्रतिमा को विभिन्न पूजा पंडालों के द्वारा भव्य तरीके से सजाया जाता है और आकर्षक लाईटिंग व्यवस्था की जाती है, जिससे कि रात्रि में माता का दरबार की चमक देखते ही बनती है। हालांकि अभी शहर के अधिकांश दुर्गा पूजा समितियों के द्वारा पंडाल बनाने की शूरूआत नहीं हुई है, लेकिन कुछ समितियों के द्वारा दुर्गा पंडाल बनाने की शुरूआत कर दी गई है और भव्य व आकर्षक पंडाल बनाने का काम जोर-शोर से किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार श्री-श्री 108 दुर्गा पूजा समिति चेरवापारा के द्वारा आगामी दिनों शारदीय नवरात्र को देखते हुए भव्य पंडाल बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रतिदिन कलाकारों के द्वारा पंडाल के लिए बांस के सहारे पंडाल के ढांचे को तैयार करने के काम में जुट गए हैं। उल्लेखनीय है कि शहर क्षेत्र में ही दर्जनभर से अधिक जगहों पर माता की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान के साथ नौ दिनों तक देवी के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा भव्य पंडाल बनाए जाते हैं और आकर्षक रंग-बिरंगी लाईटों से माता के दरबार को सजाया जाता है, इसके लिए विभिन्न समितियों के द्वारा बैठक कर पदाधिकारियों के चयन कर पूजा पंडाल बनाने के कार्य को गति देना शुरू कर देंगे।



तैयार हो रहा मां के लिए पंडाल।

## कटकोना में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर



**पटना।** कोरिया जिले के कटकोना क्षेत्र में केशरीनंदन परिवार के सौजन्य से 13 सितंबर को सामुदायिक भवन काटकोना में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

- **रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक रहे मौजूद**

इस सेवा कार्य में गणेश विनायक आई हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने भाग लिया और ग्रामीण नागरिकों को नेत्र स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं परीक्षण की सुविधा प्रदान की। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और युवाओं की भारी भीड़ रही। चिकित्सकों ने मोतियाबिंद, दृष्टि दोष, नेत्र संक्रमण आदि रोगों की जांच कर आवश्यकतानुसार आगे उपचार के लिए मार्गदर्शन दिया। आयोजन के अवसर पर भाजपा नेता व केशरीनंदन ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### विश्वकर्मा सेवा समिति की हुई बैठक 3 दिवसीय पूजन कार्यक्रम प्रस्तावित

**अम्बिकापुर।** श्री विश्वकर्मा सेवा समिति की बैठक मंगलवार को आहुत की गई थी, जिसमें सर्व सम्मति से विगत वर्षों से आयोजित भगवान



विश्वकर्मा देव के सार्वजनिक पूजन इस वर्ष भी हर्ष उल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में 3 दिवसीय पूजन कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है जिसमें 16 सितंबर को अखण्ड रामायण पाठ, 17 सितंबर की सुबह 11 बजे अखण्य रामायण पाठ का समापन पश्चात विश्वकर्मा चालीसा, भण्डारा एवं दोपहर भजन कार्यक्रम और सायं काल 108 थाल से महाआरती, 18 सितंबर की दोपहर 2 बजे से शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शंकर घाट में समापन। बैठक में समाज के नंदु विश्वकर्मा, रामाधार विश्वकर्मा, विरेन्द्र विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, नवलकिशोर शर्मा, निर्मल शर्मा, लवकुश शर्मा, शेषनाथ शर्मा, व्यास विश्वकर्मा, उपेन्द्र विश्वकर्मा, रविन्द्र विश्वकर्मा, उदय विश्वकर्मा, अखिलेश विश्वकर्मा, जितेन्द्र शर्मा, अमर शर्मा, चुनमुन शर्मा, मिंटु शर्मा, मंजय शर्मा, संतोष विश्वकर्मा, लक्ष्मण विश्वकर्मा, गणेश विश्वकर्मा, रामजी विश्वकर्मा, महेन्द्र विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, श्रवण शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### नैनो उर्वरक के प्रति किसानों को किया गया जागरूक



**सीतापुर।** इफको, कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त अभियान के तहत किसानों को नैनो उर्वरक के प्रति जागरूक किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक इफको सुधीर सक्सेना ने नैनो उर्वरक के बारे में किसानों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध प्रयोग से होने वाले नुकसान से बचाव एवं संतुलित उर्वरक प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए नैनो उर्वरक का अविष्कार किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. राजेश चौकसे ने बताया की इस स्वदेशी तकनीक उर्वरक जिसे एफसीओ में शामिल किया गया है को भारत सरकार के कई कसौटियों में परखा गया है। नैनो उर्वरक की खरीदी पर किसानों का 10 हजार रुपए का दुर्घटना बीमा किया जाता है।अनुविभागीय अधिकारी कृषि अनिता एक्का ने बताया कि यूरिया एवं अन्य उर्वरकों में अनुदान की वजह से सरकार को भारी बजट का प्रावधान करना पड़ता है। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप लकड़ा, डॉ. सूरज पंकज, डॉ. शमशेर आलम, उर्वरक निरीक्षक संतोष बेक, समेत कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं किसान उपस्थित थे।

### होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज में मनाया गया फीस्ट डे




**अम्बिकापुर।** होलीक्रॉस वीमेन्स कॉलेज के प्रेक्षागृह में फीस्ट डे दीप प्रज्वलन उपरांत कॉलेज की आईकफ इकाई की छात्राओं ने प्रार्थना की प्रस्तुति दी। सहायक प्राध्यापक डॉ.कल्पना गुहा के स्वागत उद्बोधन उपरांत प्राचार्य डॉ.सि.शांता जोसेफ ने फीस्ट डे के इतिहास, होलीक्रॉस के प्रवर्तक फादर थियोदोसिसस फ्लोरेंटिनी एवं मदर मारिया तेरेसा शेरर के योगदान का उल्लेख किया। फीस्ट डे पर छात्राओं ने आनंद उत्सव मनाया साथ ही मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की नित्य शैली व लघु नाटक प्रस्तुत किया। इस दौरान उप प्राचार्य डॉ.मंजू टोप्पो, सहायक प्राध्यापक डॉ.दिव्या गुलाब मिंज, सोनल सिन्हा, प्रीति सिंह, प्रज्ञा सिंह सहित अन्य अध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आलोक चक्रवर्ती एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रकृति केशरी ने किया।

### वृद्धाश्रम पहुंचकर जाना कुशलक्षेम

# मंत्री राजवाड़े ने विभिन्न संस्थाओं का किया निरीक्षण

**वृद्धजनों को गुणवत्तापूर्ण भोजन स्वास्थ्य जांच एवं समय पर उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर



महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शनिवार को जिले के प्रवास पर रहीं। उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने अजीरमा स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्धजनों से आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को वृद्धाश्रम परिसर में एमरजेंसी लाइट की व्यवस्था करने तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने तथा वृद्धजनों को गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वास्थ्य जांच एवं समय पर उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने होलीक्रॉस आशा निकुंज विशेष विद्यालय का निरीक्षण किया। मंत्री ने विद्यालय में शिक्षकों की उपलब्धता, आवासीय व्यवस्थाओं, ऑडियोमैट्री कक्ष, अध्ययन कक्षों एवं शयनकक्ष का निरीक्षण किया। बच्चों से बातचीत कर उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंत्री श्रीमती राजवाड़े दर्रीपारा स्थित बालिका बालगृह पहुंचीं। उन्होंने बच्चियों से मिलकर उनकी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने भोजनकक्ष, शयनकक्ष, मनोरंजन कक्ष, स्टाफरूम एवं भंडार कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों को बालिकाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने और संस्थान में आने-जाने वालों की अनिवार्य एंट्री दर्ज करने के निर्देश दिए। मंत्री ने परिसर में संचालित शक्ति सदन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने श्रवणबधिर तीन बालिकाओं को आशा निकुंज विशेष विद्यालय में शिफ्ट किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने नारी निकेतन का निरीक्षण कर वहां रह रही महिलाओं से मुलाकात की। उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को शयनकक्ष व शौचालय की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रवास के दौरान मंत्री ने बालिका एवं बालक संप्रेषण गृह, प्लेस ऑफ सेफ्टी बालक तथा बौद्धिक मंदता विद्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थाओं की व्यवस्था का अवलोकन कर अधिकारियों को पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

#### ली विभागीय समीक्षा बैठक

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने संभाग के प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में विभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर मिलना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान उन्होंने बालक-बालिका गृह, आंगनबाड़ी केंद्रों, विशेष विद्यालयों और समाज कल्याण से संबंधित संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर भी विशेष जोर देते हुए पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभागीय अधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## सड़क सुरक्षा पर वाद-विवाद स्पर्धा चयनित छात्रों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजनगर

सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा विषय पर खंड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न हायर सेकेंडरी विद्यालयों से चयनित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएस लकड़ा तथा खंड स्रोत समन्वयक मनोज जायसवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना एवं यातायात नियमों के पालन हेतु जन जागरूकता को बढ़ावा देना था। आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। प्रतियोगिता में कुल 9 दलों ने भाग लिया। प्रथम स्थान कशिश शिवम, द्वितीय स्थान रिया जयंती व तृतीय स्थान प्रिंसी वीरेंद्र ने हासिल किया। निर्णायक मंडल में विजेंद्र सिंह, सुदीप शर्मा, विजया सिंह तथा सहायक शिक्षक गुड्डू राही शामिल थे। कार्यक्रम में अजीत गुप्ता, बरकड़े, इंदुवती तिग्गा, नीलम पटेल, उत्तम सिंह, लुकेश्वर सिंह, दीवान पैकरा, मनोज प्रजापति, लक्ष्मण वैष्णव, जयप्रकाश बरेठा, विनय चौरसिया, मनोज कुमार राजवाड़े सहित अन्य उपस्थित रहे।

## राज्य कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का विस्तार

**बिश्रामपुर।** राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण तिवारी तथा प्रदेश महामंत्री अश्वनी चेलक के निर्देशानुसार संभागीय अध्यक्ष श्रीमान मो.सऊद मोहम्मद अंसारी के अनुशंसा पर संगठन जिला अध्यक्ष बिश्रामपुर निवासी निर्मल भट्टाचार्य के द्वारा राज्य कर्मचारी संघ सूरजपुर संगठन कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है, इसमें श्रीमती संगीता नंदी पदनाम व्याख्याता (अंग्रेजी) सेजस बिश्रामपुर को संगठन का महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बनाया गया,साथ ही सुनील सिंह पदनाम व्याख्याता (वाणिज्य) स्वामी आत्मानंद हिंदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर को ब्लॉक अध्यक्ष एवं दीपक कुमार वर्मा पदनाम सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला मुहारीडांड़ केशवनगर को ब्लॉक सचिव के पद पर नियुक्तियां करते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है।



## विद्यालय की छुट्टी होने के पूर्व नदारद हो जाते हैं शिक्षक

**शंकरगढ़।** स्कूल में छुट्टी होने का इंतजार अक्सर बच्चे करते है लेकिन ग्राम पंचायत दोहना में ठीक इसके विपरीत है। यहां बच्चे नहीं बल्कि शिक्षक को छुट्टी होने का इंतजार रहता है। ऐसे में कुछ देरी हुई तो शिक्षक छुट्टी होने से पूर्व ही नदारद हो जाते है। आज पुनः शिक्षक विद्यालय की छुट्टी होने से पूर्व ही नदारद हो गए।

विकासखंड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत दोहना स्थित शासकीय प्राथमिक शाला उरांव दोहना में एक शिक्षक स्कूल छुट्टी होने से पहले ही घर रवाना हो गए। शनिवार को स्कूल संचालन का समय प्रातः 7.30 से 11.30 बजे तक का है लेकिन स्कूल की छुट्टी होने से पहले ही शिक्षक देवेंद्र कुमार सिंह द्वारा 10 बजे ही घर के लिए रवाना हो गए। प्रधान पाठक एवं शिक्षकों की मिलीभगत से यह खेल लंबे समय से चल रहा है। क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में शिक्षक रजिस्टर में अपनी उपस्थिति दर्शा कर इधर-उधर घूमने चले जाते हैं या छुट्टी होने से पहले ही घर के लिए रवाना हो जाते हैं। ऐसे में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमराई गई है और शिक्षक ही बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ करने लगे है। इधर प्रधान पाठक कलामुल्ला अंसारी भी गोल मोल जवाब देकर पल्ला झाड़ लेते है।




स्कूल में खेलते बच्चे।

#### कराई जाएगी जांच

स्कूल से शिक्षक छुट्टी होने से पहले घर चले जाते है तो गलत है। इस संबंध में जांच कराई जाएगी। जांच सही पाए जाने पर शिक्षक के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-जय गोविंद तिवारी
विकासखंड शिक्षा अधिकारी

## खदान के वे-ब्रिज लोडसेल में इलेक्ट्रॉनिक चिप लगाकर नाप तौल में छेड़छाड़ का प्रयास, पुलिस में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

- स्क्रैप उठाव टेंडर में अंबिकापुर के फर्म संचालक व कर्मियों ने किया फर्जीवाड़ा करने का प्रयास

अंबिकापुर निवासी कबाड़ कारोबारी द्वारा खदान से निकले स्क्रैप नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद उठाव के दौरान गड़बड़ी करने की नीयत से खदान के वे- ब्रिज के लोडसेल में इलेक्ट्रॉनिक चिप डिवाइस लगाकर कंट्रोल व गड़बड़ी किए जाने का गम्भीर मामला खदान कर्मियों की सतर्कता से पकड़ में आया है।

बताया गया कि कबाड़ी के कर्मचारी इस नाप तौल में फर्जीवाड़े व गड़बड़ी करने के कार्य को बेहद शातिर तरीके से अंजाम देने की फिराक में थे,तभी खदान कर्मियों को गड़बड़ी का अंदेशा हुआ जिसके बाद बारिकी से सीसीटी फूटेज की जांच की गई तो गड़बड़ी उजागर हुई। प्रबंधन ने बिश्रामपुर पुलिस को लिखित आवेदन देकर कबाड़ कारोबारी व उसके स्टॉफ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किये जाने हेतु शिकायत आवेदन दिया है।

#### बलरामपुर 10-12 खदान से स्क्रैप उठाव हेतु जारी हुआ था टेंडर

गौरतलब है कि एसईसीएल बिश्रामपुर के बलरामपुर 10-12 नंबर खदान से कोयला उत्पादन में लगे मशीनी उपकरणों से निकले स्क्रैप की नीलामी पिछले दिनों कंपनी मुख्यालय द्वारा की गई थी।ऑनलाइन प्रक्रिया से हुए इस नीलामी में अंबिकापुर के मेसर्स रॉयल स्टील को स्क्रैप उठाने का सेल्स आर्डर दिनांक 24 जुलाई 2025 सौंपा गया था,इसी आदेश के बाद शुक्रवार 12 सितंबर 2025 को संबंधित पार्टी मेसर्स रॉयल स्टील के मालिक और उसके कर्मचारी अपने दो ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीसी 2372 एवं सीजी 15 ईसी 9886 एवं एक क्रेन क्रमांक सीजी 15 ईए 4524 के साथ स्क्रैप उठाने के लिए बलरामपुर खदान पहुंचे थे,यहां पर तीनों वाहनों के कागजात की जांच के बाद गाड़ी को खदान की बॉउंड्री में प्रवेश करने की अनुमति दी गई।बताया गया कि स्क्रैप लोड करने से पूर्व खाली गाड़ियों की तौल की जानी थी,इसी दौरान स्क्रैप उठाव करने पहुंचे कबाड़ कारोबारी के दो कर्मियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक चिप को वे- ब्रिज में लगे लोड सेल में तार जोड़ कर रिमोट से वे- ब्रिज के संचालन का प्रयास किया जाने लगा।इसी दौरान खदान के अधिकारी व बाबू को वाहनों के तौल के दौरान शंका होने पर उन्होंने वे- ब्रिज में लगे सीसी टीवी फुटेज को बारीकी से देखा तो पता चला कि दो युवक नाप तौल वे- ब्रिज के नीचे घुसकर लोडसेल में चिप लगा करकर वजन नापने मशीन के साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया गया।घटना की सूचना खदान के बाबू और अधिकारी ने उच्च अधिकारियों को दी जिसके बाद खदान में खलबली की स्थिति बन गई,बाद में क्षेत्र के अधिकारी मौके पर पहुंचकर कबाड़ कारोबारी की करतूत देखी।मामला उजागर होने के बाद खदान प्रबंधन ने बिश्रामपुर पुलिस को लिखित में शिकायत आवेदन देकर पूरे मामले से अवगत कराया है।पुलिस कबाड़ कारोबारी अंबिकापुर निवासी बाबर को थाना तलब कर आवश्यक पूछताछ कर रही है।

#### फर्म को ब्लैक लिस्ट करने मुख्यालय भेजा गया प्रस्ताव

जानकारी के अनुसार उक्त फर्म द्वारा किए गए गंभीर धोखाधड़ी के प्रयास से कंपनी मुख्यालय को अवगत कराकर इस फर्म सहित इस फर्म से जुड़े लोगों को एसईसीएल के साथ भविष्य में किसी प्रकार के व्यवसाय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्ताव भेजकर कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्णय क्षेत्रीय प्रबंधन ने लिया है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने भी इस गड़बड़ी को गंभीर अपराध बताते हुए फर्म को ब्लैक लिस्ट करते हुए सम्बंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा मुख्यालय से की है।

## लंबित मांगों को लेकर बीएमएस ने किया धरना प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** कोयला उद्योग के संरक्षण और ठेका कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर बीकेकेएमएस -बीएमएस यूनियन ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा है,गौरतलब है कि गत दिनों क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के सामने बी के के एम एस - बीएमएस यूनियन पदाधिकारियों और कई श्रमिकों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया,धरना स्थल पर ठेका कर्मियों व कोल कर्मियों ने हाथों में बैनर व झंडा लेकर पहुंच अपनी मांगों को रखा,यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि कोयला उद्योग को बचाना सिर्फ उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें ठेका कर्मियों के अधिकार और भविष्य भी सुरक्षित करना शामिल है,इस दौरान वक्ताओं ने यह भी कहा कि ठेका कर्मियों को समान कार्य के लिए समान वेतन, नियमितीकरण, सुरक्षा उपकरण,पीएफ-ईएसआई जैसी मूलभूत सुविधाएं और स्थायी कर्मियों की तरह लाभ दिलाना आवश्यक है,जब तक ठेका कर्मियों के साथ न्याय नहीं होगा,तब तक कोलफील्ड्स का उत्पादन संतुलित नहीं रह सकता है,धरना प्रदर्शन के अंत में यूनियन प्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक को कोयला मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा,ज्ञात हो कि हाल के वर्षों में कोयला उद्योग पर निजीकरण और आउटसोर्सिंग का दबाव लगातार बढ़ा है,जिससे स्थाई और ठेका दोनों ही कर्मियों में असंतोष देखा जा रहा है,यही कारण है कि श्रमिक यूनियन अब न सिर्फ मजदूरों की मांगों के लिए, बल्कि पूरे उद्योग को बचाने की लड़ाई के नारे के साथ सड़कों पर उतरकर संघर्ष कर रही है।

- कोयला मंत्री के नाम, क्षेत्रीय महाप्रबंधक को सौंपा गया ज्ञापन



## जनपद सीईओ ने पीएम आवास निर्माण का किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

**मानीचौक।** आवास निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले हितग्राहियों के पास घर घर जाकर जनपद सीईओ अपनी टीम के साथ नसीहत दे रहे हैं। गत दिनों ग्राम केतका, जोबगा,पोड़ी के आवास हितग्राहियों के पास पहुंचे और तीन दिवस में आवास का कार्य प्रारंभ करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही आवास निर्माण शुरू नहीं करने पर हितग्राहियों का पैसा नियमानुसार वापस करने के भी निर्देश दिए। जनपद सीईओ ने अपने ब्लाक के विभिन्न पंचायतों का लगातार दौरा कर आवास निर्माण में लापरवाही बरतने वाले हितग्राहियों से डोर टू डोर जाकर आवास प्रारंभ व पूर्ण करने में जोर दे रहे हैं। इसके बाद हालात पहले कुछ बेहतर बताया जा रहा है। जनपद सीईओ ने ब्लाक में सबसे पहले बहुत कम उन पंचायत का निरीक्षण किया जहां पीएम आवास निर्माण शुरू नहीं होने पर समाधान करते हुए कार्य अविलंब चालू करने कहा। पचास प्रतिशत से ऊपर प्रगति है वहां का भी लगातार दौरा कर रहे है।

### किसान बाजार से 7-8 गुना महंगे दामों में खाद खरीदने को मजबूर

# खाद की किल्लत व गिरदावरी को लेकर कांग्रेस ने सभा कर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

- सरकार किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं करा सकी जिससे उन्हें भारी संकट का सामना करना पड़ रहा



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केपी सिंह देव के नेतृत्व में चांदनी चौक के पास एक सभा एवं रैली का आयोजन किया गया। आयोजन जिले की सहकारी समितियों में खाद की भारी किल्लत और वन भूमि पट्टाधारी किसानों की गिरदावरी नहीं होने के मुद्दे को लेकर किया गया।

सभा के दौरान कांग्रेस नेताओं ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं करा सकी जिससे उन्हें भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। वक्ताओं ने बताया कि सहकारी समितियों में यूरिया नहीं मिलने के कारण किसान बाजार से 7-8 गुना महंगे दामों में खाद खरीदने को मजबूर हैं, जिससे वे कर्ज में डूबते जा रहे हैं। इस बार फसल अच्छी हुई है, लेकिन खाद की अनुपलब्धता ने किसानों को मजबूरी में महंगे दामों पर खाद खरीदने के लिए बाध्य कर दिया है। इससे किसान ब्याज पर कर्ज लेकर खेती कर रहे हैं। इसके अलावा वन भूमि पट्टाधारी किसानों की खेतों की गिरदावरी राजस्व विभाग द्वारा नहीं की जा रही है, जिससे उन्हें फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा और वे नुकसान में रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अजय सोनी ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस महामंत्री अजय गुप्ता ने किया। कांग्रेस ने सरकार जल्द से जल्द किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

## महिला सशक्तिकरण अभियान का समापन

**खड़गवां।** जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना संकल्प ए के अंतर्गत महिला केन्द्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान और अंतरराष्टीय साक्षरता सप्ताह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।




यह अभियान 2 से 12 सितंबर तक जिले के विभिन्न ग्रामों और विद्यालयों में संचालित हुआ, जिसने महिलाओं और बालिकाओं को न केवल उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया। इस अभियान को जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के आदेशानुसार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के मार्गदर्शन में तथा जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के अंतिम दिन खड़गवां परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरदर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं और विद्यालय की छात्राएं शामिल हुई। इसके पश्चात महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के माध्यम से कन्या भ्रूण हत्या पर रोक और बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने की बात की गई। महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्डलाइन 1098 जैसी हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा गया कि इन नंबरों पर कभी भी संकट की घड़ी में सहायता प्राप्त की जा सकती है।



# फवाद और वाणी की 'अबीर गुलाल' भारत में हो रही रिलीज

**मुंबई।** फवाद खान और वाणी कपूर की फिल्म 'अबीर गुलाल' पर खूब विवाद हुआ था। विवाद की वजह थी कि इसमें काम करने वाले पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान। बढ़ते विवाद को देखते हुए इस फिल्म को 12 सितंबर को दुनियाभर में रिलीज किया गया है और अब यह फिल्म आखिरकार भारत में रिलीज होने जा रही है। इसी के साथ फिल्म 'अबीर गुलाल' की रिलीज तारीख भी सामने आ गई है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'अबीर गुलाल' को 26 सितंबर, 2025 को भारत में रिलीज किया जाएगा। एक सूत्र ने कहा, अबीर गुलाल 12 सितंबर को दुनियाभर में रिलीज हो गई है। इंडियन स्टोरीज लिमिटेड की टीम ने अब इसे भारत में रिलीज करने की योजना बनाई है।

लाइफ Style

# पूजा इन फिल्मों से मचाएंगी धमाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री पूजा हेगड़े साउथ के साथ-साथ बॉलीवुड में भी काम कर रही हैं। साल 2012 में तमिल फिल्म 'मुगामुदी' से उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। उसके बाद साउथ की और भी कुछ फिल्मों में काम किया और फिर साल 2016 में ऋतिक रोशन की फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा।

पूजा की जोड़ी अब तक शाहिद कपूर से लेकर सलमान खान तक कई अभिनेताओं के साथ बन चुकी है। पूजा जल्द ही बॉलीवुड फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में नजर आएंगी। इसका निर्देशन डेविड धवन कर रहे हैं और फिल्म के हीरो हैं वरुण धवन। फिल्म में वरुण की जोड़ी पूजा के साथ बनी हैं और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी इसमें अहम भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में 'बीवी नंबर 1' के हिट गाने 'चुनरी चुनरी' का रिमिक्स भी देखने को मिलेगा। यह फिल्म 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। खबरें थीं कि पूजा को दुलकर सलमान की फिल्म में साइन किया गया है, जो 'लोकाह चैप्टर 1- चंद्रा' की सफलता का जश्न मना रहे हैं और अब निर्माताओं ने भी फिल्म में उनके नाम पर मोहर लगा दी है और पूजा का स्वागत किया है। डीक्यू41' में पूजा, दुलकर की प्रेमिका बनी हैं। फिल्म में पूजा की एंट्री से प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं है। उधर निर्माताओं का पूरा भरोसा है कि दुलकर-पूजा की जोड़ी धमाल मचा देगी। सुपरस्टार थलापति विजय पिछले चार दशकों से सिनेमा पर राज कर रहे हैं। अपनी एक्शन थ्रिलर फिल्मों से विजय ने हमेशा से ही बड़े पर्दे पर तूफान लाया है।



## हॉलीवुड मसाला




# चीनी अभिनेता नहीं रहे

**नई दिल्ली।** चीनी गायक, अभिनेता और मॉडल यू मेंगलोंग का निधन हो गया है। उन्होंने 37 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनकी मौत बीजिंग स्थित एक इमारत से गिरने से हुई है। मेंगलोंग की प्रबंधन टीम ने अभिनेता के निधन की पुष्टि की है। साथ ही पुलिस ने इस घटना में किसी भी आपराधिक तत्वों के शामिल होने से इनकार किया है। टीम ने अपने बयान में लिखा, 'बेहद दुख के साथ हम सूचित करते हैं कि हमारे प्रिय मेंगलोंग की 11 सितंबर को इमारत से गिरकर मृत्यु हो गई।



# 'छम्मक छल्लो' फेम सिंगर एकॉन को बड़ा झटका...

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर गायक एकॉन कुछ दिनों बाद ही अपनी 29वीं शादी सालगिरह मनाने वाले थे। अब उससे पहले ही उनकी पत्नी टोमेका थियम ने तलाक के लिए अर्जी दे दी है। पीपुल डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, थियम ने गायक एकॉन से तलाक मांगते हुए कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। उन्होंने अपने सेपरेशन की तारीख को 'टीबीडी' के रूप में अंकित किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि दोनों की एक 17 साल की बेटी जर्नी है। थियम ने बेटी जर्नी की जॉइंट कस्टडी की मांग करते हुए अनुरोध किया है कि बेटी उनके साथ ही बनी रहे। हालांकि, एकॉन जब चाहें अपनी बेटी से मिल सकते हैं। उन्होंने अदालत से यह भी अनुरोध किया कि उन्हें गुजारे के लिए आर्थिक सहायता मिले पर एकॉन को किसी तरह की सहायता न दी जाए।



# अनुष्का ने सोशल मीडिया से बनाई दूरी...

**मुंबई।** अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी मौजूदा वक्त में फिल्म 'घाटी' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनकी यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है और यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अब अनुष्का से जुड़ी एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जिससे उनके प्रशंसक यकीनन निराश हो जाएंगे। दरअसल, अनुष्का ने सोशल मीडिया से ब्रेक लेने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक नोट साझा कर इसकी जानकारी दी है। अनुष्का ने लिखा, 'नीली रोशनी को मोमबत्ती की रोशनी में बदल रही हूं... कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूर रहूंगी। बस दुनिया से फिर से जुड़ने की कोशिश कर रही हूं। स्क्रॉलिंग के अलावा उस जीवन में लौटना चाहती हूं, जहां से हम सबने शुरुआत की थी।




# 'टू मच विद काजोल...' का टीजर जारी

**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो के नए टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' की राह दर्शक लंबे समय से देख रहे हैं। खास बात यह है कि इस शो की मेजबानी की जिम्मेदारी काजोल और ट्विंकल खन्ना को सौंपी गई है। अब 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' का टीजर रिलीज हो गया है, जिसमें काजोल और ट्विंकल की झलक दिख रही है। आइए जानें आप यह टॉक शो कब और कहां देख सकते हैं। काजोल और ट्विंकल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' का प्रीमियर 25 सितंबर, 2025 से अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा। प्राइम वीडियो ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'जब बुद्धि और नटखटपन मिलते हैं, तो नतीजा होता है टू मच। टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' में फिल्म जगत की जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता..' ने फिर रचा इतिहास, 2 बार गिनीज बुक में भी दर्ज करा चुका नाम

मुंबई। जब भी टीवी के लोकप्रिय धारावाहिकों की बात होती है तो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का जिक्र जरूर होता है। अपनी शुरुआत से ही से ये दर्शकों की पसंद रहा है। शो को लेकर चाहे कितना ही विवाद क्यों न होता रहे, लेकिन कोई शक नहीं कि इसकी टीम कमाल की है। अब इस शो ने एक और नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। ये टीवी की दुनिया का सबसे लंबा चलने वाला भारतीय सिटकॉम बन गया है।

***4,500 एपिसोड से बना सबसे लंबा चलने वाला भारतीय सिटकॉम*** : साल 2008 में शुरू हुआ निर्माता असित मोदी का ये शो पिछले 17 सालों से लगातार दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो ने अपने 4,500 एपिसोड पूरे कर लिए हैं। ये उपलब्धि न केवल भारत के सबसे लंबे समय तक चलने वाले सिटकॉम के रूप में शो की विरासत को आगे बढ़ाती है, बल्कि सालों से परिवार को एक साथ लाने वाली संस्कृति को भी और मजबूत करती है। ये शो पीढ़ी दर पीढ़ी दर्शकों को जोड़ रहा है।

***जश्न मनाने साथ आया शो का पूरा परिवार*** : इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का पूरा परिवार उन लोगों को सम्मानित करने के लिए एक साथ आया, जो शुरुआत से ही इस शो का हिस्सा रहे हैं। लेखकों से लेकर तकनीशियन, सेट डिजाइनर और प्रोडक्शन स्टाफ तक, जिन्होंने लगभग दो दशकों तक पर्दे के पीछे इसे शो की लोकप्रियता बरकरार रखने में अपना बड़ा योगदान दिया। असित ने इस खास मौके पर अपने शो की पूरी टीम के साथ केक काटा।

## 'बिग बॉस 19' में हुआ डबल धमाका



**मुंबई।** सलमान खान की मेजबानी वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के घर में बहस और टकराव का माहौल बना हुआ है। शो में पहले दिन से ही प्रतियोगियों के बीच ड्रामा, तकरार और दोस्ती का तड़का देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनों में इस शो में कई ट्विस्ट और टर्न देखने को मिलने वाले हैं। अब खबर आ रही है कि 'बिग बॉस 19' के घर में डबल एविक्शन हुआ है। 'बिग बॉस' के लाइव अपडेट्स देने वाले पेज पर बताया गया कि नगमा मिराजकर और नतालिया घर से बेघर कर दिया गया है। दोनों प्रतियोगियों को दर्शकों का सबसे कम प्यार मिला, जिसके चलते दोनों को शो से अलविदा कहना पड़ा। आवेज दरबार और मृदुल तिवारी के नाम भी नॉमिनेशन की सूची में शामिल थे। बता दें कि 'बिग बॉस 19' का प्रीमियर जियो हॉटस्टार पर रात 9 बजे और कलर्स टीवी पर रात 10:30 बजे होता है।

# जुनैद और साई की फिल्म 'मेरे रहो' दिसंबर में होगी रिलीज...

**मुंबई।** आमिर खान एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'मेरे रहो'। आमिर इस फिल्म का निर्माण मंसूर खान के साथ मिलकर करेंगे, वहीं फिल्म के निर्देशन की कमान सुनील पांडे ने संभाली है। 'मेरे रहो' के हीरो आमिर के बेटे जुनैद खान हैं। इसमें उनकी जोड़ी साई पल्लवी के साथ बनी है। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब 'मेरे रहो' की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'मेरे रहो' को 12 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। पहले इस फिल्म का शीर्षक 'एक दिन' रखा गया था। खबर थी कि यह फिल्म 7 नवंबर, 2025 को रिलीज होगी, लेकिन अब नई रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है। आमिर और मंसूर की जोड़ी इस फिल्म से 17 साल बाद सिनेमा में वापसी कर रही है। दोनों मिलकर 'मेरे रहो' के प्रोडक्शन का काम संभालेंगे।



## साई की पहली हिंदी फिल्म होगी 'मेरे रहो'

साई इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। अगर यह फिल्म इसी साल पर्दे पर आती है तो यह साई की पहली हिंदी फिल्म बन जाएगी। इसके बाद उन्हें रणबीर कपूर के साथ हिंदी फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' में देखा जाएगा। यह फिल्म 2 भागों में रिलीज होगी। फिल्म का भाग दिवाली, 2026 में रिलीज किया जाएगा, वहीं फिल्म का दूसरा भाग ठीक एक बाद यानी 2027 में दिवाली के मौके पर ही दर्शकों के बीच आएगा।

# 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का आयोजन 23 को, शाहरुख समेत ये सितारे होंगे शामिल

*मुंबई। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों को लेकर सिनेमा प्रेमियों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। हर साल देश के चुनिंदा बेहतरीन कलाकारों को ये पुरस्कार दिया जाता है। 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा 1 अगस्त को हुई थी। इस साल शाहरुख खान से लेकर रानी मुखर्जी और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों ने ये पुरस्कार अपने नाम किया है। आइए जानें आखिर 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का आयोजन कब और कहां होने वाला है।*



## शाहरुख और विक्रांत बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

शाहरुख ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया है। उन्हें उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' के लिए यह पुरस्कार मिला है। खास बात यह है कि 33 साल के लंबे करियर में यह शाहरुख का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है। विक्रांत को भी उनकी सुपरहिट फिल्म '12वीं फेल'(2023) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला है। उधर रानी को फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार देने का ऐलान किया गया है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुरस्कार प्रदान करेंगी

बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का आयोजन 23 सितंबर, 2025 को शाम 4 बजे होगा। हमेशा की तरह इस साल भी यह कार्यक्रम नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया जाएगा। शाहरुख, विक्रांत, रानी मुखर्जी, करण जौहर, विधु विनोद चोपड़ा, सुदीप्तो सेन, जानकी बोदीवाला, शिल्पा राव, वैभवी मर्चेंट और अन्य सितारे इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। सभी हस्तियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुरस्कार प्रदान करेंगी।

'हनु-मान' फिल्म को आमजन तक पहुंचाकर देशभर के दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी

# 'मिराई' से धमाकेदार वापसी करने वाले तेजा सज्जा कौन हैं?

*मुंबई। साउथ के अभिनेता तेजा सज्जा की 40 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म 'हनु-मान' ने 350 करोड़ रुपये कमाकर बॉक्स ऑफिस पर तूफान उठा दिया था। अब ऐसा ही तहलका मचा रही है तेजा की कम बजट में बनी शानदार वीएफएक्स वाली 'मिराई', जिसे देख लोग कह रहे हैं कि इसके टिकट पर खर्च किया गया एक-एक पैसा वसूल हो जाएगा। उधर फिल्म की जान तेजा के तो कहने ही क्या।*



## दो साल की उम्र में पहली बार की एक्टिंग

तेजा तेलुगू सिनेमा से जुड़े हुए हैं। 1995 में हैदराबाद में जन्में अभिनेता ने वहीं से पढ़ाई पूरी की है। नन्ही उम्र में ही उन्होंने अभिनय जगत में कदम रख दिया था। चिरंजीवी की फिल्म 'चूडालानी' से तेजा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी और उस वक्त उनकी उम्र महज 2 साल थी। उन्होंने कई सफल फिल्मों में अभिनय किया, जिनमें से ज्यादातर का निर्माण सी. अश्विनी दत्त द्वारा वैजयंती मूवीज के बैनर तले हुआ था।

## बतौर लीड हीरो ये थी पहली फिल्म

30 साल के तेजा दर्जनों तेलुगू फिल्मों का हिस्सा रह चुके हैं। हालांकि, साल 2021 में उन्हें लीड रोल वाली फिल्म मिली थी। फिल्म का नाम 'जॉम्बी रेड्डी' था। इसका निदेशन प्रशांत वर्मा ने किया था। हालांकि, इसके बाद भी उन्हें कई फिल्मों में देखा गया, लेकिन साल 2024 में आई उनकी फिल्म 'हनु-मान' उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई, जिसने आते ही बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और ये ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

## क्या 'हनु-मान' से बड़ा धमाका करेगी 'मिराई'?

अब तेजा की फिल्म 'मिराई' को देख बिल्कुल वैसा ही माहौल देखने को मिल रहा है, जैसा 'हनु-मान' के समय मिला था। चर्चा है कि ये पहले दिन की कमाई के मामले में 'हनु-मान' को भी पीछे छोड़ देगी। फिल्म में दानव और भगवान की लड़ाई दिखाई गई है। समीक्षकों और दर्शकों ने कहानी के साथ-साथ इसके वीएफएक्स को भी जबरदस्त बताया है। इसने एक बार फिर दर्शकों को राम नाम के जयकारे लगाने पर मजबूर कर दिया है।

## *बॉक्स ऑफिस पर खूब गरजी थी तेजा की 'हनु-मान'*

*दक्षिण भारतीय सिनेमा की फिल्म 'हनु-मान' के रिलीज से पहले तक कोई हवा नहीं थी, लेकिन जब फिल्म रिलीज हुई तो लोगों ने इसे जमकर पसंद किया। यही कारण है कि 40 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर इतिहास रच दिया था। फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा ने अपनी कला का जादू दिखाया और इस फिल्म को आम जन तक पहुंचाकर देशभर के दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी।*

## खबर संक्षेप

### कीटनाशक पीने से गंभीर किशोर की गई जान

**अम्बिकापुर।** राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम रेवतपुर निवासी बुद्धि आ. हरि किशुन श्याम (15 वर्ष) शराब पीने का आदि था। 7 सितंबर को नशे की हालत में घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान किशोर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### केदारपुर वार्ड में हो मंगल भवन का निर्माण

अम्बिकापुर। पूर्व भाजपा पार्षद करता राम गुप्ता ने वित्तमंत्री ओपी अग्रवाल को ज्ञापन सौंप केदारपुर वार्ड स्थित नजूल भूमि से अवैध कब्जा हटाकर मंगल भवन का निर्माण कराने आकाशवाणी चौक पर आए दिन लग रहे जाम से राहत के लिए सड़क किनारे संचालित दुकानों, ठेलों एवं अभियंता भवन को हटवाने की मांग की है। पूर्व पार्षद श्री गुप्ता ने बताया कि वर्तमान केदारपुर वार्ड एवं पूर्व के इंदिरा गांधी वार्ड में मंगल भवन का निर्माण कराया गया था।

## निधन

### प्रहलाद साहू

**बैकुण्ठपुर।** ग्राम तलवापारा निवासी शीला टेंट हाउस के



संचालक नंदू के पुत्र प्रहलाद साहू का शनिवार को निधन हो गया। जानकारी के अनुसार युवक प्रहलाद साहू हाल के दिनों में घर का बिजली गुल होने पर बिजली सुधार के लिए घर के पास ऊंचाई पर चढ़कर सुधार कार्य कर रहा था। इसी दौरान असंतुलित होकर पीठ के बल गिर गया, इससे उसके सिर के पिछले हिस्से व अन्य जगहों पर गहरी चोट लगी। जिनका अंतिम संस्कार रविवार को किया गया।

### मंत्री द्वय के साथ भाजपा के पदाधिकारी रहे मौजूद

# मनेन्द्रगढ़ में उद्योग- व्यापार के विकास के लिए हर संभव मदद देंगे: देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



महामाया कोल्ड स्टोर परिसर में रविवार की शाम प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का प्रथम मनेन्द्रगढ़ आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, नपा अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, व्यापारिक संगठन के पदाधिकारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक काफी संख्या में उपस्थित रहे।

स्वागत समारोह में कैलाश तोदी, गौतम दुग्गड़, लखन लाल श्रीवास्तव, बंटी गोयल, कमल केजरीवाल, सुरेश श्रीवास्तव, आनंद अग्रवाल, रोहन फरमनिया, मनोज अग्रवाल, डॉ. रश्मि सोनकर, रिशु अग्रवाल, शैलेश जैन, उत्तम दुग्गड़, आकाश दुआ, अधिवक्ता राजकुमार गुप्ता, रफीक मेमन, अरूण अग्रवाल, पार्षद ओम प्रकाश जायसवाल, श्रीमती नीलू जायसवाल, श्रीमती माया सोनकर, श्रीमती सुशीला सिंह, रामधुन जायसवाल, पुरूषोत्तम गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने तथा रोजगार सृजन के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में उद्योग व व्यापार को गति देने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए विशेष योजनाएं लागू की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर सरकार का विशेष ध्यान है। कार्यक्रम के अंत में नगरवासियों ने दोनों मंत्रियों का आभार व्यक्त किया और उनके आगमन को मनेन्द्रगढ़ के लिए ऐतिहासिक अवसर बताया।

# एसएसपी ने स्थाई वारंट तामील में उत्कृष्ट कार्य पर अधिकारी व जवानों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने स्थाई वारंटों को तामील में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व जवानों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया है। जिले की पुलिस टीम ने तत्परता से कार्य करते हुए ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया जिनके खिलाफ अदालत ने स्थाई वारंट जारी किए थे। स्थाई वारंट तामीली से न्याय प्रणाली के कार्यो को मजबूती मिलती है और पीड़ितों को जल्द न्याय की राह आसान होती है।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने फरार स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में थाना-चौकी के पुलिस अधिकारी व जवानों द्वारा 96 स्थाई वारंटियों को धर दबोचा है। शुक्रवार को एसएसपी ने स्थाई वारंट तामीली में उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना प्रभारी भटगांव सरफराज फिरदौसी, महिला प्रधान आरक्षक अरूणा बिसेन, ओड़गी थाना के एसआई शिवब्रत, अमरेश सिंह, रामानुजनगर थाना से मनोज पोर्ते, क्षेत्रपाल सिंह, अमलेश्वर कुमार, दीपक यादव, प्रेमनगर थाना से रंजीत सोनवानी, कोतवाली से प्रधान आरक्षक अखिलेश यादव, आरक्षक उमेश राजवाड़े, विश्रामपुर थाना से कुंदन सिंह को प्रशिस्त पत्र एवं नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कर सम्मानित किया है।




## पृष्ठ 1 का शेष

### एसईसीएल कर्मचारी के...

बताया जा रहा है। निवासी जागृति कुर्रे ने कहा कि हम अपने घरों में सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे। कई बार शिकायत के बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई। चरचा थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद पांडेय ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित की गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और क्षेत्रवासियों से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि आरोपियों की जल्द पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने अभियान चलाया जाएगा।

### नए शैक्षणिक सत्र...

अनिवार्य है। यही कारण है कि आईएनसी के मापदंडों अनुसार शैक्षणिक एवं छात्रावास भवन का निर्माण न्यू लाइफ संस्था के द्वारा विगत वर्ष से कराया जा रहा है। न्यू लाइफ नर्सिंग संस्थान का नवीन भवन बैकुंठपुर शहर से 3 किलो मीटर की दूरी पर पोड़ी बचरा मुख्य मार्ग में स्थित केनापारा में भवन निर्माण अपनी पूर्णता की ओर है। वर्तमान में न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम के लिए छग शासन आयुष विश्वविद्यालय छग नर्सेस काउंसिल एवं इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली से 60 सीट के लिए स्वीकृति प्राप्त है। न्यू लाइफ नर्सिंग संस्थान में आगामी सत्र से एमएससी नर्सिंग के विभिन्न विषयों में 25 सीट एवं पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग में 30 सीट पाठ्यक्रमों का संचालन होगा। संस्था ने बताया कि न्यू लाइफ नर्सिंग संस्थान का नवीन भवन चार मंजिला होगा। नवीन भवन में शैक्षणिक भवन अंतर्गत क्लास रूम, लैब, लाइब्रेरी फैकल्टी रूम के साथ-साथ आईएनसी के मापदंडो के अनुसार समस्त सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। न्यू लाइफ नर्सिंग संस्थान के नवीन भवन में स्थानांतरण होने पर संस्था में प्रशिक्षण लेने वाले एवं आगामी सत्रों से प्रवेश लेने वाले नर्सिंग के विद्यार्थियों को आईएनसी के मापदंड के अनुसार समस्त सुविधा उपलब्ध होगी।

### कटकोना में निःशुल्क...

परिवार के संयोजक एवं महामंत्री एचएमएस योगेन्द्र मिश्रा ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। केशरीनंदन परिवार इस प्रकार के सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मुख्य अतिथि कटकोना सब एरिया मैनेजर सुरेश राम, विशिष्ट अतिथि खान प्रबंधक एचएन चौबे, कार्मिक प्रबंधक जॉन डूंगडूंग, प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल मिथिलेश गुप्ता, डॉ. वाई रिची, हरी यादव, अजय सिंह, गणेश विनायक हॉस्पिटल से डॉ. रामकृष्ण द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा अभिषेक द्विवेदी, रामप्रकाश तिवारी, राजकुमार यादव, भोला चक्रधारी, रानू वर्मा, जय कुमार चक्रधारी, प्रवीण गुप्ता, देवेन्द्र जायसवाल, तीरथ साहू, दीपक कुशवाहा, शिव यादव, राजीव घोष, करन राजवाड़े, सिब्बू मिश्रा आदि शामिल है।







